**Series : X4YZW**

**SET ~ 4**

रोल नं.

Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**प्रश्न-पत्र कोड**

**Q.P. Code** **62**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# समाजशास्त्र
# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**नोट / NOTE** #

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं।
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **35** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है – **खण्ड क, ख, ग** तथा **घ**।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **35** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(iii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1 – 16** हैं। ये वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। प्रश्न के आधार पर, सिर्फ एक ही उत्तर हो सकता है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **17 – 25** हैं। ये अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **26 – 32** हैं। ये लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दीजिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **33 – 35** हैं। ये दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दीजिए।*

*(vii)* *रेखाचित्र की सहायता से प्रश्न संख्या **33** का उत्तर दीजिए।*

## खण्ड क

**1.** *अभिकथन (A) :* औद्योगीकरण कुछ एक स्थानों पर जबरदस्त समानता लाता है। उदाहरण के लिए रेलगाड़ियों, बसों में जातीय भेदभाव का ना होना।

*कारण (R) :* इस संसार में सामाजिक असमानताएँ कम हो रही हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *The question paper is divided into **four** sections — **Section A, B, C** and **D**.*

*(ii)* *There are **35** questions in all. **All** questions are **compulsory**.*

*(iii)* ***Section A** includes questions no. **1 – 16**. These are Objective Type Questions, carrying 1 mark each. As per the question there can be one answer.*

*(iv)* ***Section B** includes questions no. **17 – 25**. These are Very Short Answer type questions, carrying 2 marks each. Answer to each question should not exceed 30 words.*

*(v)* ***Section C** includes questions no. **26 – 32**. These are Short Answer type questions, carrying 4 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.*

*(vi)* ***Section D** includes questions no. **33 – 35**. They are Long Answer type questions, carrying 6 marks each. Answer to each question should not exceed 200 words each.*

*(vii)* *Question no. **33** is to be answered with the help of given graphics.*

## SECTION A

**1.** *Assertion (A) :* Industrialisation leads to greater equality, at least in some spheres, such as, caste distinctions do not matter any more in trains, buses, etc.

*Reason (R) :* Social inequalities are reducing in the world.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**2.** *अभिकथन (A) :* पुराने सामाजिक आंदोलन राजनीतिक दलों के दायरे में काम करते थे।

*कारण (R) :* पुराने सामाजिक आंदोलन राष्ट्रीय होते थे।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**3.** जनसांख्यिकीय संक्रमण के सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(I) जनसंख्या वृद्धि आर्थिक विकास के समग्र स्तरों से जुड़ी होती है।

(II) प्रत्येक समाज विकास के विशिष्ट स्वरूप का अनुसरण करता है।

(III) विकास जनसंख्या वृद्धि से संबंधित है।

(IV) जनसंख्या वृद्धि के चार बुनियादी चरण होते हैं।

**विकल्प :**

(A) (I) और (II)

(B) (II) और (IV)

(C) (I) और (III)

(D) (I), (II) और (III)

**4.** *अभिकथन (A) :* अकसर यह सोचा जाता है कि कृषि की 'वैज्ञानिक' पद्धति की जानकारी देने से भारतीय कृषकों की दशा में सुधार होगा।

*कारण (R) :* भारतीय कृषक सदियों से, हरित क्रांति के प्रारंभ से कहीं पहले से, कृषि कार्य करते आ रहे हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

2. *Assertion (A) :* The old social movements functioned within the frame of political parties.

   *Reason (R) :* Old social movements were national.

   (A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

   (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

   (C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

   (D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

3. As per the theory of Demographic Transition, which of the following statements are correct ?

   (I) Population growth is linked to overall levels of economic development.

   (II) Every society follows a typical pattern of development.

   (III) The development is related to population growth.

   (IV) There are four stages of population growth.

   **Options :**

   (A) (I) and (II)

   (B) (II) and (IV)

   (C) (I) and (III)

   (D) (I), (II) and (III)

4. *Assertion (A) :* Often it is thought that imparting knowledge of 'scientific' farming methods will improve the conditions of Indian farmers.

   *Reason (R) :* The Indian farmers have been cultivating the land for centuries, much before the advent of the Green Revolution.

   (A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

   (B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

   (C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

   (D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**5.** जनजातीय पहचान से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) जनजातीय पहचान को सुरक्षित रखने का आग्रह दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है।

(B) जनजातीय समाज के भीतर भी एक मध्य वर्ग का प्रादुर्भाव हो चला है।

(C) नृजातीय-सांस्कृतिक पहचान के मामले से संबंधित मुद्दे कम महत्त्वपूर्ण हो गए हैं।

(D) भूमि तथा विशेष रूप से वनों जैसे अत्यंत महत्त्वपूर्ण आर्थिक संसाधनों पर नियंत्रण से संबंधित मुद्दे दिनोंदिन बढ़ते जा रहे हैं।

*निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर, प्रश्न संख्या 6 और 7 के उत्तर दीजिए।*

सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार जीवन की एक वास्तविकता है। सामाजिक विषमता (असमानता) एवं बहिष्कार सामाजिक इसलिए है क्योंकि वे व्यक्ति से नहीं बल्कि समूह से संबद्ध है। प्रत्येक समाज में, कुछ लोगों के पास धन, संपदा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शक्ति जैसे मूल्यवान संसाधनों का दूसरों की अपेक्षा बड़ा हिस्सा होता है। लोग अकसर अपने लिंग, धर्म, नृजातीयता, भाषा, जाति तथा विकलांगता की वजह से भेदभाव और बहिष्कार का सामना करते हैं।

**6.** सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार जीवन की एक वास्तविकता है क्योंकि :

(I) सामाजिक असमानता (विषमता) एवं बहिष्कार का यह रोज़मर्रापन – इनका इस प्रकार रोज़ाना घटित होना, इन्हें स्वाभाविक बना देता है।

(II) हम अकसर उन्हें 'उचित' या 'न्यायसंगत' मानते हैं।

(III) ये कुदरती चीजें हैं जिन्हें बदला जा सकता है।

(IV) ग़रीब तथा वंचित अपनी परिस्थितियों के लिए दोषी नहीं ठहराए जाते।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

**विकल्प :**

(A) (I) और (II) (B) (I) और (III)

(C) (I) और (IV) (D) (II) और (III)

**7.** दलितों के बहिष्कार से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) अस्पृश्यता की संस्था शारीरिक संपर्क से बचने या अछूत से दूर रहने का आदेश नहीं देती है।

(B) अस्पृश्यता सामाजिक प्रतिबंधों के एक बहुत व्यापक समूह को संदर्भित करती है।

(C) अछूत मानी जाने वाली जातियों का जाति सोपान या अधिक्रम में कोई स्थान ही नहीं है।

(D) उन्हें तो इतना अधिक अशुद्ध एवं अपवित्र माना जाता है कि उनके जरा छू जाने भर से ही अन्य सभी जातियों के सदस्य अशुद्ध हो जाते हैं।

**5.** Which of the following statements related to Tribal Identity is ***not*** true ?

(A) Assertions of tribal identity are on the rise.

(B) This can be laid at the door of the emergence of a middle class within the tribal society.

(C) Issues relating to matters of ethnic-cultural identity are becoming less important.

(D) Issues relating to control over vital economic resources like land and specially forests, are on the rise.

*Based on the following passage, answer Q.No. 6 and 7.*

Social inequality and exclusion are facts of life. Social inequality and exclusion are social because they are not about individuals but about groups. In every society, some people have a greater share of valued resources – money, property, education, health and power – than others. People often face discrimination and exclusion because of their gender, religion, ethnicity, language, caste and disability.

**6.** Social inequality and exclusion are facts of life because :

(I) This everydayness of social inequality and exclusion often makes them appear inevitable, almost natural.

(II) We often think of them as being 'deserved' or 'justified' in some sense.

(III) These are natural which can be changed.

(IV) The poor and marginalised are not blamed for their own plight.

Which of the above statements are correct ?

**Options :**

(A) (I) and (II) (B) (I) and (III)

(C) (I) and (IV) (D) (II) and (III)

**7.** Which of the following statements is ***not*** true related to Exclusion of Dalits ?

(A) The institution of untouchability does not refer to the avoidance or prohibition of physical contact.

(B) Untouchability refers to a much broader set of social sanctions.

(C) Untouchable castes are outside the caste hierarchy.

(D) They are considered to be so impure that their mere touch severely pollutes members of all other castes.

**8.** *अभिकथन (A) :* औपनिवेशिक देश में चलाए गए नियम कानून अलग हो सकते हैं और यह जरूरी नहीं है कि ब्रिटिश उन प्रजातांत्रिक नियमों का निर्वाह औपनिवेशिक देश में भी करें जो ब्रिटेन में लागू होते थे।

*कारण (R) :* औपनिवेशिक प्रशासक यह मानकर चलते थे कि बाग़ान वालों को फ़ायदा पहुँचाने के लिए मज़दूरों पर कड़े से कड़ा बल प्रयोग किया जाए।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

*निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर, प्रश्न संख्या 9 और 10 के उत्तर दीजिए।*

सामाजीकरण प्रक्रिया काफ़ी विस्तृत एवं लंबी होती है जिसमें कुछ विशेष लोगों के साथ (जो हमारे जीवन में प्रत्यक्ष रूप से शामिल रहते हैं) लगातार संवाद, वार्तालाप और कभी-कभी संघर्ष भी होता रहता है जैसे कि हमारे माता-पिता, परिवार, नातेदार समूह एवं हमारा समुदाय। हमारा समुदाय हमें भाषा (मातृभाषा) और सांस्कृतिक मूल्य प्रदान करता है जिनके माध्यम से हम विश्व को समझते हैं। यह हमारी स्वयं की पहचान को भी सहारा देता है।

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

(A) किसी समुदाय में जन्म लेने के लिए हमें कुछ नहीं करना होता।

(B) किसी परिवार में जन्म लेने पर हमारा कोई वश नहीं है।

(C) किसी देश में जन्म लेने पर हमारा कोई वश नहीं है।

(D) इस प्रकार की पहचानें अर्जित होती हैं।

**10.** सामुदायिक विवादों को निपटाना कठिन होता है क्योंकि :

(I) विवाद का प्रत्येक पक्ष सामने वाले पक्ष को शत्रु मानते हुए घृणा की दृष्टि से देखता है।

(II) उसमें अपने पक्ष के गुणों को बढ़ा-चढ़ाकर कहने की प्रवृत्ति होती है।

(III) उसमें अपने सामने वाले पक्ष के दुर्गुणों को बढ़ा-चढ़ाकर ना कहने की प्रवृत्ति होती है।

(IV) ऐसे विवादों में, यह देखना बहुत कठिन होता है कि जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हैं, दूसरे भी तो हमारे बारे में वैसा ही सोच रहे हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

**विकल्प :**

(A) (I), (III) और (IV)

(B) (I), (II) और (III)

(C) (I), (II) और (IV)

(D) (II), (III) और (IV)

**8.** *Assertion (A) :* The laws of a colonised country did not have to stick to the democratic norms that the British back home had to follow in Britain.

*Reason (R) :* The colonial administrators were clear that harsh measures were taken against the labourers to make sure they benefitted the planters.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

*Based on the following passage, answer Q.No. 9 and 10.*

The socialisation process involves a continuous dialogue, negotiation and even struggle against significant others (those directly involved in our lives) like our parents, family, kin group and our community. Our community provides us the language (our mother tongue) and the cultural values through which we comprehend the world. It also anchors our self-identity.

**9.** Which of the following statements is ***incorrect*** ?

(A) We don't have to do anything to be born into a community.

(B) No one has any choice about which family they are born into.

(C) No one has any choice about which country they are born into.

(D) These types of identities are acquired.

**10.** Community conflicts are hard to deal with because :

(I) Each side in the conflict thinks of the other side as a hated enemy.

(II) There is a tendency to exaggerate the virtues of one's own side.

(III) There is a tendency not to exaggerate the vices of the other side.

(IV) In such conflicts, they are constructing matching but reversed mirror images of each other.

Which of the above statements are correct ?

**Options :**

(A) (I), (III) and (IV) (B) (I), (II) and (III)

(C) (I), (II) and (IV) (D) (II), (III) and (IV)

**11.** सामाजिक आंदोलनों का अध्ययन समाजशास्त्र के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है ?

(A) कुलीन वर्ग द्वारा सामाजिक आंदोलनों के विरोधों को समाज की स्थापित व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती के रूप में देखा जाता था।

(B) सामाजिक आंदोलनों को अव्यवस्था फैलाने वाली शक्तियों के रूप में नहीं देखा जाता था।

(C) सामाजिक आंदोलनों में भाग लेने वालों की सही और ग़लत की अपनी साझी समझ नहीं होती।

(D) सामाजिक आंदोलनों में भाग लेने वाले प्रायः सार्वजनिक रूप से विरोध नहीं करते थे।

**12.** जहाँ नगरीकरण की प्रक्रिया बहुत तेज़ गति से चल रही है, इसके अंतर्गत सबसे विराट शहर (मैट्रोपोलिस) ही सबसे अधिक तेज़ी से फैलते जा रहे हैं।

नगरीकरण से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) ये महानगर ग्रामीण क्षेत्रों एवं साथ ही साथ छोटे कस्बों के प्रवासियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

(B) भारत में अपेक्षाकृत बड़े शहरों की जनसंख्या इतनी तेज़ी से नहीं बढ़ रही है।

(C) नगरीय आधारभूत सुविधाएँ उतनी तेज़ी से शायद ही बढ़ सकें।

(D) इन शहरों पर जनसंचार के माध्यमों का ध्यान प्रमुख रूप से अधिक केंद्रित रहने से भारत का सार्वजनिक चेहरा, ग्रामीण की बजाय अधिकाधिक नगरीय होता जा रहा है।

**13.** *अभिकथन (A) :* अधिकतम ग्रामीण जनसंख्या के लिए कृषि जीविका का एकमात्र महत्त्वपूर्ण स्रोत या साधन है।

*कारण (R) :* ग्रामीण सिर्फ कृषि ही नहीं है। बहुत से ऐसे क्रियाकलाप हैं जो कृषि और ग्राम्य जीवन की जीविका के स्रोत में भी मदद के लिए हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**11.** Why is the study of Social Movements important in Sociology ?

(A) Social movements were about protests which were perceived by elites as a major threat to the established order of society.

(B) Social movements were not seen as forces that led to disorder.

(C) Participants of social movements do not have their own shared understanding of right and wrong.

(D) Participants did not often resort to public protest.

**12.** While urbanization has been occurring at a rapid pace, it is the biggest cities – the metropolises – that have been growing the fastest.

Which of the following statements related to urbanization is ***not*** true ?

(A) These metros attract migrants from the rural areas as well as from small towns.

(B) The larger cities in India are not growing at such a rapid rate.

(C) Urban infrastructure can hardly keep pace.

(D) With the mass media's primary focus on these cities, the public face of India is becoming more and more urban rather than rural.

**13.** *Assertion (A) :* Agriculture is the single most important source of livelihood for the majority of the rural population.

*Reason (R) :* The rural is not just agriculture. Many activities that support agriculture and village life are also sources of livelihood.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**14.** *अभिकथन (A) :* विभिन्न जनजातीय समूहों को हिंदू समाज के जातीय अधिक्रम में विभिन्न स्तरों पर आत्मसात् कर लिया गया।

*कारण (R) :* जनजातीय जमीनों पर बस्तियाँ बसा दी गईं और जंगलों का सफाया कर दिया गया।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पश्चिमीकरण के लिए सत्य है ?

(A) यह भारतीय समाज और संस्कृति में लगभग 150 सालों के ब्रिटिश शासन के परिणामस्वरूप आए परिवर्तन हैं।

(B) पश्चिमीकरण में किसी संस्कृति-विशेष के बाह्य तत्त्वों के अनुकरण की प्रवृत्ति नहीं होती है।

(C) भारतीय कला और साहित्य पर पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव नहीं पड़ा।

(D) पश्चिमीकरण में भारतीय बुद्धिजीवियों की उप-संस्कृति शामिल नहीं थी।

**16.** निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में लिखिए।

(I) कामगारों को मशीनी गति से काम करना होता है।

(II) अधिक मशीनों वाले उद्योगों में, कम लोगों को काम दिया जाता है।

(III) दो चाय की छुट्टियाँ 7·5 मिनट प्रत्येक और आधा घंटा खाने की छुट्टी।

(IV) पूरे दिन में कामगारों को केवल 45 मिनट का विश्राम मिलता है।

**विकल्प :**

(A) (II), (I), (IV), (III)

(B) (I), (II), (III), (IV)

(C) (IV), (I), (III), (II)

(D) (I), (IV), (III), (II)

**14.** *Assertion (A) :* There is absorption of different tribal groups into caste Hindu society at varying levels of the hierarchy.

*Reason (R) :* Tribal lands were colonised and the forests cut down.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**15.** Which of the following statements is true for westernisation ?

(A) The changes brought about in Indian society and culture is a result of over 150 years of British rule.

(B) Westernisation does not involve the imitation of external forms of culture.

(C) The west did not influence Indian art and literature.

(D) Westernisation did not include the sub-culture of Indian intellectuals.

**16.** Put the following statements in the correct order.

(I) Workers have to work at the pace of the machine.

(II) The more mechanised an industry gets, the fewer people are employed.

(III) Two tea breaks of 7·5 minutes each and one lunch break of half an hour.

(IV) Workers get only 45 minutes rest in the entire day.

**Options :**

(A) (II), (I), (IV), (III)

(B) (I), (II), (III), (IV)

(C) (IV), (I), (III), (II)

(D) (I), (IV), (III), (II)

## खण्ड ख

**17.** "अधिकतर भारतीय लोग छोटे पैमाने पर कार्य कर रहे स्थानों पर ही काम करते हैं। यहाँ कार्य के कई पक्षों का निर्धारण वैयक्तिक संबंधों से होता है।"

बड़े संस्थानों में कार्य का निर्धारण वैयक्तिक संबंधों से नहीं होता। इस कथन से आप क्या अनुमान लगा सकते हैं ? *2*

**18.** (क) "सांस्कृतिक विविधता कठोर चुनौतियों को प्रस्तुत कर सकती है।"

उपयुक्त उदाहरणों सहित कथन का समर्थन कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) धर्मनिरपेक्षता के पक्ष और विपक्ष में एक-एक तर्क दीजिए।

**19.** मूल आदिवासी दिक्कुओं से घृणा क्यों करते थे ? दो कारण दीजिए। *2*

**20.** (क) भूमिगत खानों में कार्य करने वाले कामगार बहुत खतरनाक स्थितियों का सामना करते हैं। उदाहरण दीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) उदारीकरण की नीति का एक लाभ और एक हानि बताइए।

**21.** 1960 के दशक में, विद्वानों के बीच इस प्रश्न को लेकर वाद-विवाद होता रहा कि क्या जनजातियों को जाति-आधारित (हिंदू) कृषक समाज के एक सिरे का विस्तार माना जाए अथवा वे पूर्ण रूप से एक भिन्न प्रकार का समुदाय है।

जनजाति और जाति के बीच के अंतर के तर्क का आधार क्या है ? *2*

**22.** औपनिवेशिक भारत में बहुत से जिलों का प्रशासन ज़मींदारी व्यवस्था द्वारा चलता था।

ज़मींदारी व्यवस्था के दौरान कृषकों को किन परेशानियों का सामना करना पड़ा ? *2*

**23.** हरित क्रांति की रणनीति की एक नकारात्मक परिणति क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि थीं।

अपने उत्तर के लिए दो कारण दीजिए। *2*

## SECTION B

**17.** "By and large, work for most Indians is still in smallscale workplaces. Here personal relationships determine many aspects of work."

In large organisations work is not determined by personal relationships. What inference can you draw from this statement ? *2*

**18.** (a) "Cultural Diversity can present tough challenges."
Support the statement with suitable examples. *2*

**OR**

(b) Give one argument each for and against secularism.

**19.** Adivasis shared a common hatred for dikus. Why ? Give two reasons. *2*

**20.** (a) Workers in underground mines face very dangerous conditions. Give examples. *2*

**OR**

(b) Give one advantage and one disadvantage of the policy of liberalisation.

**21.** During the 1960s, scholars debated whether tribes should be seen as one end of a continuum with caste-based (Hindu) peasant society, or whether they were an altogether different kind of community.

What is the basis for the argument for tribe and caste distinction ? *2*

**22.** Many districts of colonial India were administered through the Zamindari system.

What problems were faced by the peasants due to the Zamindari system ? *2*

**23.** One of the negative outcomes of the Green Revolution strategy was the worsening of regional inequalities.
Give two reasons for your answer. *2*

**24.** पहले अनेक प्रकार की महामारियाँ थीं जिनमें विभिन्न प्रकार के ज्वर, प्लेग, चेचक और हैजा अधिक विनाशकारी थे। लेकिन 1918 – 19 की इंफ्लुएंजा नामक महामारी ने तो अकेले ही देशभर में तबाही मचा दी, जिसमें तत्कालीन भारत की कुल जनसंख्या के लगभग 5% भाग को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।

महामारी और विश्वमारी (पैंडेमिक) के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए। *2*

**25.** "सैद्धांतिक तौर पर, जाति व्यवस्था को सिद्धांतों के दो समुच्चयों के मिश्रण के रूप में समझा जा सकता है।" दोनों सिद्धांतों के नाम बताइए और किसी एक को परिभाषित कीजिए। *2*

**खण्ड ग**

**26.** सन् 1950 से 1970 के दशक के बीच भूमि सुधार कानूनों की एक श्रृंखला को शुरू किया गया — इसे राष्ट्रीय स्तर के साथ राज्य के स्तर पर भी चलाया गया। इन सुधारों को लाने के पीछे क्या कारण थे ? *4*

**27.** वह व्यवस्था जो एक समाज में लोगों का वर्गीकरण करते हुए एक अधिक्रमित संरचना में उन्हें श्रेणीबद्ध करती है उसे समाजशास्त्री 'सामाजिक स्तरीकरण' कहते हैं।

सामाजिक स्तरीकरण किस प्रकार पीढ़ी-दर-पीढ़ी बना रहता है ? *4*

**28.** (क) पश्चिमीकरण में किसी संस्कृति-विशेष के बाह्य तत्त्वों के अनुकरण की प्रवृत्ति भी होती है। पश्चिमीकरण की प्रक्रिया को दर्शाइए। *4*

**अथवा**

(ख) विभिन्न प्रकार के समाज सुधारक आंदोलनों में कुछ विषयगत समानताएँ थीं। परंतु साथ ही अनेक महत्त्वपूर्ण असहमतियाँ भी थीं। चर्चा कीजिए।

**29.** हममें से हर कोई एक परिवार में जन्म लेता है और हममें से अधिकांश लोग परिवार में अनेक वर्ष बिताते हैं। आमतौर पर हम अपने परिवार से गहरा लगाव महसूस करते हैं। परिवार हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। विस्तारपूर्वक समझाइए। *4*

**30.** "ब्रिटिश औद्योगीकरण का एक उल्टा असर यानी कि भारत के कुछ क्षेत्रों में औद्योगिक क्षरण हुआ।" उपर्युक्त कथन के आधार पर उन प्रभावों की पहचान कीजिए। *4*

**24.** The major epidemic diseases in the past were fevers of various sorts, plague, smallpox and cholera. But the single largest epidemic was the influenza epidemic of 1918 – 19, which killed about 5% of the total population of India at that time.

Differentiate between epidemic and pandemic. *2*

**25.** "Theoretically, the caste can be understood as the combination of two sets of principles." Name them and define any one. *2*

## SECTION C

**26.** From the 1950s to the 1970s, a series of land reform laws were passed — at the national level as well as in the states. What were the reasons behind these reforms ? *4*

**27.** Sociologists use the term 'Social Stratification' to refer to a system by which categories of people in a society are ranked in a hierarchy.

How does Social Stratification persist over generations ? *4*

**28.** (a) Westernisation does involve the imitation of external forms of culture. Illustrate the process of westernisation. *4*

**OR**

(b) The varied Social Reform Movements did have common themes. Yet there were also significant differences. Discuss.

**29.** Each one of us is born into a family, and most of us spend long years within it. Usually we feel very strongly about our family. The family is an integral part of lives. Elaborate. *4*

**30.** "In India, the impact of the very same British industrialisation led to deindustrialisation in some sectors."

Identify the impacts on the basis of the above statement. *4*

**31.** असक्षमता और ग़रीबी के बीच एक अटूट संबंध होता है। चर्चा कीजिए। *4*

**32.** ''कभी-कभी काम की बुरी दशाओं के कारण कामगार हड़ताल कर देते हैं।'' 1982 की प्रसिद्ध बंबई टैक्सटाइल मिल की हड़ताल का उदाहरण लेते हुए औचित्य सिद्ध कीजिए। *4*

## खण्ड घ

**33.** भारत में गिरता हुआ स्त्री-पुरुष अनुपात, 1901 – 2011 नीचे दर्शाया गया है :

| वर्ष | स्त्री-पुरुष अनुपात सभी आयु वर्गों में | पिछले दशक की तुलना में अंतर | बाल स्त्री-पुरुष अनुपात (0 – 6 वर्ष) | पिछले दशक की तुलना में अंतर |
|---|---|---|---|---|
| 1901 | 972 | – | – | – |
| 1911 | 964 | – 8 | – | – |
| 1921 | 955 | – 9 | – | – |
| 1931 | 950 | – 5 | – | – |
| 1941 | 945 | – 5 | – | – |
| 1951 | 946 | + 1 | – | – |
| 1961 | 941 | – 5 | 976 | – |
| 1971 | 930 | – 11 | 964 | – 12 |
| 1981 | 934 | + 4 | 962 | – 2 |
| 1991 | 927 | – 7 | 945 | – 17 |
| 2001 | 933 | + 6 | 927 | – 18 |
| 2011 | 943 | + 10 | 919 | – 8 |

उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) बाल स्त्री-पुरुष अनुपात में गिरावट आने के क्या कारण हैं ? *2*

(ख) उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर, 20वीं शताब्दी और 21वीं शताब्दी के आँकड़ों की तुलना कीजिए और अपना निष्कर्ष बताइए। *4*

**31.** There is a close relationship between disability and poverty. Discuss. *4*

**32.** "In response to harsh working conditions, sometimes workers went on strike." Justify taking the example of the famous Bombay Textile Strike of 1982. *4*

## SECTION D

**33.** The declining Sex Ratio in India 1901 – 2011 is given below :

| Year | Sex Ratio all age groups | Variation over previous decade | Child Sex Ratio ( 0 – 6 years) | Variation over previous decade |
|---|---|---|---|---|
| 1901 | 972 | – | – | – |
| 1911 | 964 | – 8 | – | – |
| 1921 | 955 | – 9 | – | – |
| 1931 | 950 | – 5 | – | – |
| 1941 | 945 | – 5 | – | – |
| 1951 | 946 | + 1 | – | – |
| 1961 | 941 | – 5 | 976 | – |
| 1971 | 930 | – 11 | 964 | – 12 |
| 1981 | 934 | + 4 | 962 | – 2 |
| 1991 | 927 | – 7 | 945 | – 17 |
| 2001 | 933 | + 6 | 927 | – 18 |
| 2011 | 943 | + 10 | 919 | – 8 |

Based on the above data, answer the following questions.

(a) What are the reasons for the declining child sex ratio ? *2*

(b) Based on the above data, compare the data of the 20$^{th}$ century with that of the 21$^{st}$ century and state your inferences. *4*

***नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए (प्र.स. **33** के स्थान पर)*

आँकड़ों से स्पष्ट होता है, भारत में स्त्री-पुरुष अनुपात पिछली एक शताब्दी से कुछ अधिक समय से गिरता जा रहा है। 20वीं शताब्दी के शुरू में भारत में प्रति 1000 पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या 972 थी लेकिन 21वीं शताब्दी के शुरू में स्त्री-पुरुष अनुपात घटकर 933 हो गया है।

पिछले चार दशकों की प्रवृत्ति खासतौर पर चिंताजनक रही है — 1961 में स्त्री-पुरुष अनुपात 941 था जो घटते हुए अब तक के सबसे नीचे स्तर 1991 में 927 पर आ गया हालाँकि 2001 में उसमें फिर मामूली सी बढ़ोतरी हुई है। भारत की जनगणना 2011 के अस्थायी आँकड़ों के अनुसार, स्त्री-पुरुष अनुपात को देखें तो प्रति 1000 पुरुषों के पीछे 943 स्त्रियाँ हैं। 0 – 6 वर्ष की आयु वर्ग का स्त्री-पुरुष अनुपात आमतौर पर सभी आयु वर्गों के समग्र स्त्री-पुरुष अनुपात से काफी ऊँचा रहता आया है, लेकिन अब उसमें भी बड़ी तेज़ी से गिरावट आ रही है। वस्तुतः 1991 से 2001 तक के दशक के आँकड़ों में यह असामान्यता दिखाई देती है कि समग्र स्त्री-पुरुष अनुपात में जहाँ अब तक की सबसे अधिक 6 अंकों की बढ़ोतरी निम्नतम 927 से 933 दर्ज हुई है, लेकिन बाल स्त्री-पुरुष अनुपात, 18 अंकों का गोता लगाकर 945 से घटकर 927 के स्तर पर आ गया है और इस प्रकार पहली बार समग्र स्त्री-पुरुष अनुपात से नीचे चला गया है। सन् 2011 की जनगणना के अनुमानित आँकड़ों के अनुसार स्थिति और खराब हो गई और बाल स्त्री-पुरुष अनुपात मात्र 919 रह गया है (8 अंकों से घट गया है)।

उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) बाल स्त्री-पुरुष अनुपात में गिरावट आने के क्या कारण हैं ? *2*

(ख) उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर, 20वीं शताब्दी और 21वीं शताब्दी के आँकड़ों की तुलना कीजिए और अपने निष्कर्ष बताइए। *4*

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidate*** *(In lieu of Q.No.* ***33****)*

As is clear from the data, India has had a declining sex ratio for more than a century. From 972 females per 1000 males at the turn of the 20th century, the sex ratio has declined to 933 at the turn of the 21st century.

The trends of the last four decades have been particularly worrying — from 941 in 1961, the sex ratio had fallen to an all time low of 927 in 1991 before posting a modest increase in 2001. According to the provisional data of Census of India 2011, sex ratio is 943 females per 1000 males. The sex ratio for the 0 – 6 years age group has generally been substantially higher than the overall sex ratio for all age groups, but it has been falling very sharply. In fact the decade 1991 – 2001 represents an anomaly, in that the overall sex ratio has posted its highest ever increase of 6 points from the all time low of 927 to 933, but the child sex ratio has dropped from 945 to 927, a plunge of 18 points, taking it below the overall sex ratio for the first time. In 2011 Census the child sex ratio again decreased by 8 points and now it is 919.

Based on the above data, answer the following questions.

(a) What are the reasons for the declining child sex ratio ? *2*

(b) Based on the above data, compare the data of the 20th century with that of the 21st century and state your inferences. *4*

**34.** सामाजिक आंदोलनों के वर्गीकरण की चर्चा कीजिए। *6*

**35.** नागरिक समाज ने कई महत्त्वपूर्ण पहल करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनमें सबसे हालिया है सूचना के अधिकार के लिए अभियान। इसकी पहल और इसके परिणाम पर चर्चा कीजिए। *2+4=6*

**34.** Discuss the classification of Social Movements. *6*

**35.** The Civil Society has been instrumental in taking many significant initiatives, the most recent being the campaign for the Right to Information. Discuss the initiative and its outcome. *2+4=6*